# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

## कार्यालय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय परिसर व सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में सत्र 2025–26 से छात्र/छात्राओं के प्रवेश की प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से किया जाना है। इस हेतु समर्थ पोर्टल द्वारा प्रवेश के क्रम में की जाने वाली पंजीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन होने के कारण कुछ जटिल है, जिसके कारण सम्बन्धित को समझने में कठनाई उत्पन्न हो रही है। उक्त का संज्ञान लेते हुए माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार उक्त प्रक्रिया को पोर्टल पर भरने हेतु सुगम, सहज–समझ योग्य बनाने के लिए निर्देशित किया गया है, जिसके अनुपालन में उक्त प्रक्रिया को निम्नांकित प्रकार से बिन्दुवार प्रक्रिया को सहजसुबोध बनाया गया है–

**Step for Registration and login on the University Portal हेतु सर्व प्रथम अभ्यार्थी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर URL- https://bujhansiadm.samarth.edu.in किल्क करते हुए आगे बढ़ना है–**

01- **Register with a Unique Email ID** हेतु **New Registration** पर क्लिक करना है। उसके बाद अभ्यार्थी को अपना ई–मेलआई.डी. अंकित करते हुए कैप्चा कोड को अंकित करके रजिस्ट्रेशन के लिये आगे बढ़ना है।

02- **Complete Registration with OTP verification** हेतु अभ्यार्थी को अपनी ई–मेल आई.डी. पर प्राप्त ओ.टी.पी. को अंकित करते हुए अपना रिस्ट्रेशन पूर्ण करना है। तत्पश्चात् अभ्यार्थी को अपना नया पासवर्ड बनाना होगा।

03- **Login to the University Portal** इस हेतु अभ्यार्थी को Login पेज पर अपनी ईमेल आई.डी. व पासवर्ड को अंकित करते हुए लॉगिन करना होगा।

**Applicant Dashboard के अन्दर Complete Profile, Select Programme, Programme Schedule, Payments, Bank details, Quick links के आप्शन दिखयी देगें।**

**COMPLETE PROFILE (STEP-1)**

| | |
|---|---|
| 01- | **Complete Profile** हेतु अभ्यार्थी को अपना पूरा नाम, ई–मेल आई.डी., मोबाइल नं0, उम्र अंकित कराना होगा। अन्य अवाश्यक सूचानओं को क्रमबद्ध पूरित करते हुए आगे बढ़ना होगा। |
| 02- | **University Registration Details** हेतु यदि आवेदक पूर्व में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय का छात्र है, तो उक्त विकल्प में नामांकन/पंजीकरण, पाठ्यक्रम/विभाग व पंजीकरण का वर्ष, अंकित करना अनिवार्य होगा। यदि आवेदक बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय का पूर्व से छात्र नहीं है, तो नो (No) पर क्लिक करते हुये आगे बढ़ना है। |
| 03- | **Other Category** हेतु आवेदक अपने से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की अन्य श्रेणी में आवेदन करना चाहते हैं तो उसका विवरण अंकित करते हुए आगे बढ़े। |
| 04- | **Bank Details for financial Assistance and Refund (if Applicable)** हेतु आवेदक को अपना बैंक खाते के अनुसार नाम, खाता संख्या, बैंक का नाम, आई.एफ.एस. कोड, बैंक शाखा का नाम, पता, जिला, पिनकोड अंकित करते हुए आगे बढ़ना होगा। |
| 05- | **Photo & Signatrue** हेतु आवेदक को अपना फोटो (10KB से 500KB) व हस्ताक्षर (10KB से 500KB) अपलोड करते हुए सम्बिट व लॉक पर क्लिक करते हुए रजिस्ट्रेशन पूर्ण करना होगा। |

PROGRAMME SELECTION (STEP-2)

| | |
|---|---|
| 01- | **Programme Selection** हेतु आवेदक को **Select Programme** में प्रवेश हेतु पाठ्यक्रम का चयन करते हुए **Apply Now** पर क्लिक करना होगा। |
| 02- | **Academic Details Section** आवेदक को अपनी शैक्षिक अहर्ता का विवरण जैसे रोल.नं0, अंकतालिका क्रमांक इत्यादि का विवरण पूरित करते हुए **Save, next** पर क्लिक करते हुए आगे बढ़ना होगा। |
| 03- | **Net of Equivalent Details (if Applicable)** पी–एच. डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले आवेदक ही अपना विवरण अंकित करेंगे। |
| 04 | **Payment-** भुगतान के पूर्व आवेदक अपनी सभी प्रविष्टियों का सत्यापन कर लें, तत्पश्चात् दिये गये पेमेन्ट गेटवे (Payment Gatway) का चयन करते हुए उपलब्ध विकल्पों के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। सफल भुगतान के उपरान्त आवेदन की प्रति का प्रिन्ट आउट आवेदक अपने पास संरक्षित करेंगे। आपकी प्रवेश पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। |

इस प्रकार समस्त चरणों को पूर्ण करते हुए विश्वविद्यालय/महाविद्यालय का प्रत्येक छात्र/छात्रा स्वयं सरलतापूर्वक समर्थ पोर्टल के माध्यम से अपना प्रवेश पंजीकरण पूर्ण कर सकता है। आवेदक को प्रवेश पंजीकरण से पूर्व अपने समस्त दस्तावेज (अंकतालिका, आय, जाति, निवास/नवीन प्रमाण पत्र इत्यादि) की स्केन सॉफ्ट कॉपी अपलोड करने हेतु संरक्षित करना आवश्यक है। **आवेदक को समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन प्रवेश पंजीकरण लैपटॉप अथवा कम्प्यूटर के माध्यम से ही ऑनलाइन करना आवश्यक है। तकनीकी कारणों से मोबाइल द्वारा प्रवेश पंजीकरण किया जाना सम्भव नहीं है।**

**अतः आदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त प्रवेश प्रक्रिया के चरणों से छात्र/छात्राओं को अवगत कराने हेतु विभागाध्यक्ष/पाठ्यक्रम समन्वयक तथा प्रबन्धक/प्राचार्य अपने स्तर से विभाग/महाविद्यालय में कुशल छात्र/छात्राओं की टीम द्वारा अथवा हेल्प डेस्क स्थापित करते हुए प्रवेश पंजीकरण की प्रक्रिया को सुलभ बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें, जिससे अधिक से अधिक छात्रों का प्रवेश हेतु पंजीकरण सहजता के साथ हो सके।**

(राजबहादुर)
कुलसचिव

पत्रांक : बु0वि0/आर कैम्प/2025/5118 दिनांकः 12/06/2025

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त विभागाध्यक्ष/पाठ्यक्रम समन्वयक विश्वविद्यालय परिसर।
2. समस्त प्रबन्धक/प्राचार्य, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय।
3. डा0दीपक तोमर/श्री साबिर अली, सिस्टम एनालिस्ट।
4. उपकुलसचिव (प्रशा0)।
5. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
6. आशुलिकप (कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्त अधिकारी)।

कुलसचिव

पत्रांक : बु0वि0/आर कैम्प/2025/5119 दिनांकः 12/06/2025

**पृष्ठांकनः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. सम्मानित सम्पादक, दैनिक जागरण एवं दैनिक अमर उजाला को इस अुनरोध के साथ प्रेषित कि अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के अगले संस्करण में छात्र हित के दृष्टिगत निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव